
लापरवाही

सहकारी समिति कर्मचारी संघ की मांग पर प्रशासक बरत रहे कोताही

# वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश ठण्डे बस्ते में


कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता जिला उमरिया (म.प्र.)

**नवभारत उमरिया 7 नवंबर।** जिले में सहकारी समितियों में कार्यरत समिति कर्मचारियों के वेतन वृद्धि मामले में मध्यप्रदेश शासन के आदेश के अनुपालन में और सहकारी समिति कर्मचारी संघ के मांग पत्र के अनुरूप दिये गये वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के पालन में समिति प्रबंधकों और प्रशासकों की जुगलबंदी ने पालन करने में भारी कोताही बरतने का मामला प्रकाश में आया है।

बताया जाता है कि वर्तमान में समितियों का चुनाव न होने के कारण लगभग सभी समितियों में प्रशासक राज कायम है, जिससे समितियों का कार्य भार प्रभारी लैम्प्स प्रबंधक और प्रशासकों के जिम्मे में है। प्रशासकों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों व्दारा जारी आदेशों का पालन अनिवार्य रूप से करें, लेकिन देखने में आया है की वरिष्ठ अधिकारियों व्दारा लगातार जारी किये गये आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

### वेतन मद में प्राप्त राशि का किया दुरुपयोग

समिति के प्रशासकों ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थायें मध्यप्रदेश भोपाल जैसे सर्वोच्च वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के पालन नहीं करते हुए न सिर्फ आदेशों की अवहेलना की है, बल्कि कर्मचारियों के वेतन मद में प्राप्त राशि में व्यापक तौर पर आर्थिक अनियमितता कर शासकीय राशि को खुर्द-बुर्द किया है। समिति प्रबंधक और प्रशासक आदेशों को रद्दी की टोकरी में डाल कर कुंभकर्णीय निंद्रा में है।

### सेवा नियम के प्रावधान अनुसार वेतन दिया जाए : संयुक्त आयुक्त

संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग शहडोल ने एक बार फिर से उपायुक्त सहकारिता शहडोल, अनूपपुर और सहायक पंजीयक उमरिया को संबोधित विधिवत आदेश जारी करते हुए कहा है कि सभी पैक्स समितियों में नियमित विक्रेताओं को आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाओं मध्यप्रदेश भोपाल व्दारा जारी सेवा नियम के प्रावधान अनुसार कलेक्टर दर पर निर्धारित वेतनमान से प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये। आदेश में स्पष्ट किया गया की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व्दारा प्रदान किये जाने वाले प्रबंधकीय अनुदान से भुगतान किया जाये।

# दो बाघों की दस्तक से मचा हड़कंप



पनपथा के सरैया टोला के ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

**चिल्हारी नवभारत 7 नवंबर।** बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व से लगे पनपथा गांव के सरैया टोला में गुरुवार शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब रहवासी क्षेत्र में एक नहीं बल्कि दो बाघों की आमद देखी गई। बाघों के बस्ती के करीब पहुंचते ही ग्रामीणों में डर और सन्नाटा पसर गया।

ग्रामीणों के मुताबिक, शाम के वक्त बाघों ने गांव के ही गेन्दिया सिंह के एक मवेशी पर हमला कर शिकार किया। शिकार के दौरान दोनों बाघ खेतों से होते हुए सीधे टोले के किनारे तक पहुंच गए। बाघों को इतनी नज़दीक देख ग्रामीणों ने आपसी हिम्मत जुटाई और तेज़ आवाज़ें, बर्तन बजाकर किसी तरह बाघों को वापस जंगल की ओर खदेड़ा।

### मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

सूचना मिलते ही वन विभाग और बांधवगढ़ पार्क की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी। विभागीय टीम ने देर शाम तक क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग और निगरानी बनाए रखी, ताकि बाघों की गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखी जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से आसपास के जंगलों में बाघों की गतिविधियां देखी जा रही है।

# बालक को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराएं : बागरी

बीमार बालक की गुहार पर प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर को दिए निर्देश

**डिंडोरी, नवभारत 7 नवंबर।** जिला मुख्यालय प्रवास के दौरान ग्राम गौर कन्हारी, विकासखण्ड समनापुर की फुलझरिया बाई ने अपने पुत्र अमरलाल केवरिया के गंभीर उपचार हेतु प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी से सहायता की गुहार लगाई। प्रभारी मंत्री ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह को बालक के शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



निर्देशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समनापुर को दूरसंचार माध्यम से तुरंत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए।

**जिला चिकित्सालय में किए गए परीक्षण-** निर्देशानुसार ग्राम गौर कन्हारी की आशा कार्यकर्ता प्रीता छुरे की सहायता से बालक अमरलाल केवरिया को जिला चिकित्सालय डिंडोरी लाया गया, जहां उसका सिकल सेल, सीटी स्कैन एवं एक्स-रे परीक्षण कराया गया। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बालक में एवेस्कुलर नेक्रोसिस विद रिएक्टिव आर्थराइटिस की संभावित स्थिति पाई गई। शेष जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही बालक को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत समुचित उपचार हेतु हायर सेंटर जबलपुर भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

## एक नजर में

### चिकित्सा एवं दिव्यांग शिविर 9 को

**डिंडौरी, नवभारत 7 नवंबर।** जनपद शहपुरा अंतर्गत ग्राम बरगांव में जनजाति कल्याण केंद्र के सहयोग से 9 नवंबर को चिकित्सा एवं दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला प्रशासन डिंडौरी एवं जनजाति कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से संपन्न होगा। शिविर में विभिन्न जटिल बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे, जो हृदय रोग, स्त्री रोग (गायनिक), कैंसर, नेत्र, त्वचा एवं पाचन संबंधी रोगों का निशुल्क परीक्षण एवं उपचार करेंगे। साथ ही सोनोग्राफी, पैथोलॉजी टेस्ट तथा दवाइयों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र वितरण, सहायक उपकरणों का वितरण एवं पेंशन संबंधी कार्य संपादित किए जाएंगे।




### ऑपरेशन मुस्कान : पुलिस बच्चों को कर रही जागरूक

**डिंडोरी, नवभारत 7 नवंबर।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत जिले में जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमितवर्मा एवं एसडीओपी बजाग के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर रूप से आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बाल सुरक्षा, अधिकार सशक्तिकरण एवं जागरूकता से संबंधित विविध कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सजग और आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में थाना करंजिया द्वारा शुक्रवार को शासकीय माध्यमिक शाला गोपालपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, लैंगिक समानता एवं बाल अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई।

**आत्मरक्षा के उपाय बताए गए-** थाना गाड़ासरई प्रभारी निरी. गिरवर सिंह उईके द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला लालपुर में भी 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यहां भी छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, आत्मरक्षा के उपायों एवं अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें सजग, सशक्त एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### सचिव एवं जीआरएस की समीक्षा बैठक आयोजित



**शहपुरा नवभारत 7 नवंबर।** अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) शहपुरा ऐश्वर्या वर्मा द्वारा सचिव एवं जीआरएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मां की बगिया एवं मनरेगा की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एसडीएम ऐश्वर्या वर्मा ने सभी अधिकारियों को दिव्यांग शिविर के सफल आयोजन एवं कोदो-कुटकी पंजीयन कार्य में सक्रियता बरतने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत सचिव, जीआरएस एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ के साथ मिलकर घर-घर जाकर एनुमेरेशन फॉर्म (ईएफ) भरवाने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके।

# बेमौसम बारिश से धान की फसल हो गई बर्बाद




सर्वे आदेश के बाद भी नहीं पहुंची टीमें; किसान परेशान, मुआवजे की मांग

**शहपुरा नवभारत 7 नवंबर।** बेमौसम बारिश और तेज़ आंधी-तूफान ने शहपुरा क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। धान की फसल खेतों में पूरी तरह गिर चुकी हैं। खेतों में गिरी फसल अब इल्ली और कीटों के प्रकोप की वजह से सड़ने लगी है।

कुछ क्षेत्रों में धान की फसल हल्दी गाठी रोग से भी प्रभावित हुई है, जिसके कारण बालियों में दाना नहीं बन पाया। इससे किसानों की साल भर की मेहनत और आय पर गहरा असर पड़ा है। इस स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर ने तत्काल सर्वे कराने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए थे, लेकिन किसानों का आरोप है कि सर्वे टीम अभी तक खेतों में पहुंची ही नहीं है। अधिकारी भी हाल जानने के लिए नहीं आए और नुकसान का कोई आकलन भी नहीं हो पाया है।

### किसानों की बात सुनने वाला कोई नहीं : साहू

किसान नेता निर्मल साहू ने कहा कि क्षेत्र में किसानों की फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। धान गिरकर सड़ रही है। कलेक्टर ने सर्वे के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक कोई सर्वे टीम नहीं आई। हम टूटे दाने खुद चुनकर घर ले जा रहे हैं। किसानों की बात सुनने वाला कोई नहीं है। गांव के कई किसानों ने बताया कि फसल के गिर जाने से कटाई मुश्किल हो गई है और ऊपर से कीट प्रकोप के कारण फसल हर घंटे खराब होती जा रही है। अगर जल्द सर्वे और मुआवज़े की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो किसानों की आर्थिक स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।



# आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

नर्मदांचल विद्यापीठ के नवीन भवन का किया गया लोकार्पण

**शहपुरा नवभारत 7 नवंबर।** जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव स्थित शिक्षण प्रकल्प अंतर्गत नर्मदांचल विद्यापीठ के नवीन भवन का लोकार्पण हुआ।

शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नवीन भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन किया गया, इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत गीत के साथ अभिवादन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। संस्था द्वारा विशिष्ट सहयोगियों का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू ने अतिथियों का परिचय कराकर अभिवादन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनमोहन वेध अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रदीप दुबे प्रांत संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, डॉ. एचपी सिंह सेवानिवृत्ति न्यायमूर्ति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर, कैलाश चंद्र साहू महाप्रबंधक सीएस आरसी बिलासपुर, ओमप्रकाश धुर्वे विधायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# काशी की फिजा में घुली है महादेव की कृपा : राधेश्याम

यह वहीं पवित्र भूमि हैं जहां आने मात्र से जन्म जन्मांतरों के पाप कर्मों का विनाश हो जाता है



**चिल्हारी नवभारत 7 नवंबर।** काशी तो देवो के देव महादेव की वह दिव्य भूमि है जहां स्वयं जगतनियन्ता जगतपति अखिलकोटी ब्रम्हांड स्वामी उमापति महादेव विराजते है विश्वनाथ स्वरूप में। काशी की चमक आभा वहां का देवमय वातावरण चीख चीख कर कहता है कि हां मैं वही भूमि हूं जहां से आपको उन्नत जीवन की ऊर्जा मिलती है। हां यह वहीं भूमि है जहां आने मात्र से आपके जन्म जन्मांतरों के पाप कर्मों का विनाश हो जाता है।

उक्ताशय के विचार राधे श्याम महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि काशी की फिजा में घुली है महादेव की कृपा, जिसे वहां जाने वाला स्वयं ही महसूस कर लेता है। देव-दीपावली पर काशी की चमक-दमक देखकर ऐसा प्रतीत हुआ है जैसे स्वयं सदाशिव पिनाक धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर आतिशबाजी कर रहे हों।

### कार्तिक मास में दीपदान की परंपरा अति प्राचीन है

उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहते हैं, यही वो दिन है जब शिव ने त्रिपुर नगरियों का विनाश किया था। कार्तिक मास में दीपदान की परंपरा अति-प्राचीन है। जो लोग हिन्दू धर्म में भेद की बातें करते हैं, उन्हें जानना चाहिए कि वैष्णव परंपरा में भी कार्तिक महीने में दीपदान की महत्ता है, क्योंकि ये भगवान विष्णु को प्रिय है।

### जिन्हें अंधकार पसंद वहीं सनातन की मान्यताओं का विरोध कर रहे

महाराज ने कहा कि तमसो मा ज्योतिर्गमय ये तो सनातन के ध्येयवाक्यों में से एक है। जिन्हें अंधकार पसंद है वह सनातन की मान्यताओं, देवी-देवताओं, तीर्थ स्थलों का विरोध कर रहे है, लेकिन जिन्हें जीवन में उजियारा पसंद है, जो पवित्र बुद्धि से युक्त है, निर्मल है, मानवीयता से युक्त है वह सनातन को अपना रहे है और वेदों की ओर लौट रहे है।

# धान का अवैध परिवहन करने पर 42 हजार का जुर्माना

**कटनी।** जिले में धान उपार्जन में दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों के अवैध मंसूबों पर लगाम लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गठित उड़नदस्ता दल ने धान के अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए व्यापारी से 42 हजार 514 रूपए के दांडिक शुल्क कार्यालय में जमा कराया है।

संयुक्त संचालक शाहिद खान, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और सचिव कृषि उपज मंडी किशोर कुमार नरगांवे के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल द्वारा सघन निरीक्षण के दौरान ट्रक 308.75 क्विंटल धान से भरे एक ट्रक को अवैध परिवहन करने पर जब्त किया है। मंडी की धारा के तहत व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंडी शुल्क राशि 31 हजार 261 रूपए और निराश्रित शुल्क राशि 6 हजार 253 रूपए, समझौता शुल्क 5 हजार रूपए सहित 42 हजार 514 रूपए मंडी कार्यालय में जमा कराया गया है।

# घर-घर पहुंचे बीएलओ, वितरित किया फार्म

विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सत्यापन अभियान शुरू

**डिंडौरी, नवभारत 7 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जिले की दोनों विधानसभा में प्रारंभ हो गया है।



पहले दिन सभी बीएलओ अपने-अपने इलाके में पहुंचे और उन्होंने मतदाताओं को फार्म वितरित किए। इन फार्मों में मतदाताओं को जल्द से जल्द जानकारी भरकर तैयार करना है, क्योकि तीन या चार दिन बाद ही बीएलओ फिर से मतदाताओं के घर पहुंचेगे और भरे हुए फार्म जमा करेगें। बीएलओ ने फार्म में भरी जाने वाली जानकारी के बारे में भी मतदाताओं को बताया।

### डांड विदयपुर के बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

अपर कलेक्टर जे.पी. यादव ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 104 डिण्डौरी के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 24 मुड़की माल एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 25 डांडविदयपुर माल भाग- 1 क्षेत्र पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना पत्रक वितरण कार्य का 3-3 परिवारों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डांड विदयपुर के बीएलओ को फार्म वितरण की सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डिण्डौरी को दिये गये।

### फॉर्म भरने में बीएलओ की मदद लें

उन्होंने इस दौरान नागरिकों को एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देकर अपील की कि सभी नागरिक निर्धारित गणना पत्रक में सही जानकारी भरें एवं फॉर्म भरने में कोई समस्या आए तो अपने बीएलओ से सहयोग लें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ गणना पत्रक वितरण, फार्म भरवाने एवं सत्यापन कार्य किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म का वितरण एवं भरे हुए फॉर्म का संग्रहण कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जाएगा।

# 129 वाहनों से वसूला 50 हजार समन शुल्क

डिंडौरी पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान

**डिंडौरी, नवभारत 7 नवंबर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डिंडौरी वाहनी सिंह के निर्देशानुसार पूरे जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

निर्देशों के पालन में 6 नवम्बर को जिले के सभी थाना एवं चौकियों में एक साथ वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान बिना हेलमेट 87, बिना सीट बेल्ट 21, बिना लाइसेंस 3, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के 3, एवं अन्य धाराओं में 15 प्रकरणों में कार्रवाई की गई। कुल 129 चालान तैयार कर 50,000 समन शुल्क वसूल किया गया।




### नाबालिग छात्र-छात्राओं को दी गई समझाइश

इसी क्रम में 7 नवम्बर को थाना प्रभारी यातायात सुभाष उईके एवं सूबेदार अभिनव राय द्वारा टीम के साथ कॉलेज तिराहा प्वाइंट पर स्कूलों की छुट्टी के समय विशेष वाहन चेकिंग की गई। नाबालिग छात्र-छात्राओं द्वारा वाहन चलाने एवं बिना हेलमेट दोपहिया चलाने पर उनके पालकों को समझाइश दी गई। उन्हें एक सप्ताह के भीतर स्वयं तथा अपने बच्चों के लिए हेलमेट अनिवार्य रूप से खरीदने के लिए कहा गया। पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन में यह अभियान जिलेभर में निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजित, जिले में चार चरणों में कार्यक्रमों का होगा आयोजन

# वंदे मातरम् की धुन ने परिसर को किया देशभक्ति से सराबोर

**डिंडौरी, नवभारत 7 नवंबर।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत दिवस कलेक्ट्रेट प्रांगण में जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इ देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह के साथ ही जिले में 7 नवम्बर से 7 नवम्बर 2026 तक चार चरणों में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ की गई। मुख्य अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से किया गया।



### वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, उपाध्यक्ष अंजू व्यौहार, नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता सारस, उपाध्यक्ष नगर परिषद सारिका नायिका, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत सहित जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन तथा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से हुआ।

### यह राष्ट्रगीत क्रांतिकारियों की प्रेरणा बना

कार्यक्रम में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। पुलिस बैंड एवं स्कूल बैंड द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम' की धुन ने पूरे परिसर को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। अपने उद्बोधन में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा है। यह राष्ट्रगीत क्रांतिकारियों की प्रेरणा बना।

### प्रधानमंत्री के उद्बोधन को देखा व सुना गया

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल शौर्य स्मारक से लाइव प्रसारण का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नई दिल्ली से प्रसारित उद्बोधन को भी जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में देखा और सुना गया।